# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (29 April)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-april-29

- अमेरिका ने हथियार कारोबार पर अंतर्राष्ट्रीय संधि से हटने का फैसला किया है। **संयुक्त राष्ट्र शस्त्र व्यापार संधि** पर पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने 2013 में हस्ताक्षर किये थे। अमेरिका का राष्ट्रीय राइफल एसोसिएशन लंबे समय से इसका विरोध कर रहा था, लेकिन अमेरिकी सांसदों ने इसका अनुमोदन नहीं किया था। इस संधि के तहत छोटे हथियारों, युद्धक टैंकों, युद्धक विमानों, युद्धपोतों जैसे पारंपरिक हथियारों के अरबों डॉलर का वैश्विक व्यापार किया जाता है। गौरतलब है कि 65 से अधिक देशों ने वैश्विक हथियार कारोबार को नियमित करने के लिये इस संधि पर 3 जून, 2013 को हस्ताक्षर किये थे। इस संधि का मुख्य उद्देश्य हथियारों को मानवाधिकार का उल्लंघन करने वाले तथा अपराधियों के हाथों में पहुँचने से बचाना है। **चीन, रूस और अमेरिका** ने इस संधि का अनुमोदन नहीं किया हैं। इस संधि के लागू होने के लिये इस पर हस्ताक्षर करने वाले 50 देशों द्वारा इसका समर्थन किया जाना आवश्यक है।
- दूसरे **बेल्ट एंड रोड फोरम** में हिस्सा लेने आए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने चीन के साथ 60 अरब डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गालियारे **(CPEC)** के तहत कई समझौतों पर हस्ताक्षर किये। इन परियोजनाओं में कराची-पेशावर रेलवे लाइन को उन्नत बनाना, मुक्त व्यापार समझौते के दूसरे चरण की शुरुआत और समुद्र तट से इतर स्थित ड्राई पोर्ट बनाना शामिल है। ये समझौते CPEC के अगले चरण के तहत किये गए। कराची-पेशावर रेलवे लाइन परियोजना के तहत 1,680 किलोमीटर लंबा नया रेलवे ट्रैक बनेगा। इसके लिये चीन 8.4 अरब डॉलर की सहायता देगा। इसके अलावा पाकिस्तान की ऊर्जा ज़रूरतों को पूरा करने के लिये चीन 19 अरब डॉलर (1.32 लाख करोड़ रुपए) की मदद दे रहा है। गौरतलब है कि CPEC पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर होकर के गुज़रने के विरोध में भारत इस अभियान से अलग है। उसने दूसरी बार भी सम्मेलन का बहिष्कार किया।
- 26 अप्रैल को दुनियाभर में **विश्व बौद्धिक संपदा दिवस** (World Intellectual Property Day) का आयोजन किया गया। पेटेंट, ट्रेडमार्क, औद्योगिक डिज़ाइन, कॉपीराइट इत्यादि जैसे मुद्दे बौद्धिक संपदा के तहत आते हैं। बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिये इस दिवस का आयोजन किया जाता है। विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) ने वर्ष 2000 में प्रतिवर्ष 26 अप्रैल को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी। WIPO संयुक्त राष्ट्र की 15 विशिष्ट एजेंसियों में से एक है। इस वर्ष विश्व बौद्धिक संपदा दिवस की थीम **Reach for Gold: IP & Sports** रखी गई है।

इसे भी देखें: विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO)

- भारत सरकार के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (DPIIT) ने बौद्धिक संपदा अधिकार आवेदन की जाँच-पड़ताल में लगने वाले समय को कम करने के लिये कई कदम उठाए हैं। इस सुविधा के तहत 1021 आवेदन किये गए थे और **भारतीय बौद्धिक संपदा कार्यालय** ने 351 पेटेंट को मंज़ूरी दी है। स्टार्टअप कंपनियाँ भी इस सुविधा का लाभ उठा सकती हैं। इस सुविधा के तहत अब तक कुल 450 **स्टार्टअप कंपनियों** ने पेटेंट के लिये आवेदन किया है, जिनमें से 120 को पेटेंट दिया जा चुका है। बौद्धिक संपदा अधिकार के आवेदनों की जाँच-पड़ताल के लिये प्रौद्योगिकी और

**आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस** का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे ट्रेडमार्क आवेदनों की प्रारंभिक जाँच-पड़ताल में लगने वाला समय कम होकर करीब एक महीने रह गया है, जिसमें पहले 13 महीने लगते थे।

- आंध्र प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा और मदद के लिये **विशाखापत्तनम** में एक विशेष पुलिस टीम लॉन्च की गई है जो महिलाओं के मुद्दे सुलझाने में मदद करेगी। **स्त्री शक्ति** नामक इस टीम की सभी सदस्य महिलाएँ हैं और फिलहाल इसमें 35 सदस्य हैं, जिनमेंASI, हेड कांस्टेबल, पुलिस कांस्टेबल और होमगार्ड शामिल हैं। इस टीम को 25 वाहन भी दिये गए हैं। महिलाओं से जुड़े मुद्दों को देखने और उनके लिये क्या कदम उठाए जाने चाहिये, यह सब टीम खुद तय करेगी। विशाखापत्तनम में कई शैक्षणिक संस्थान और कार्यस्थल हैं जहां महिलाएँ बड़ी संख्या में काम करती हैं। इस टीम के सदस्यों को शहर के प्रमुख स्थानों पर तैनात किया जाएगा। 'स्त्री शक्ति' टीम की आसानी से पहचान के लिये इनका **ड्रेस-कोड** भी है और इसकी सभी सदस्य सभी नीली शर्ट और खाकी पैंट पहनेंगी।
- इंटरनेट सर्च इंजन **गूगल** ने इस साल होने वाले **गूगल साइंस फेयर** के लिये 18 युवा भारतीय वैज्ञानिकों का चयन किया है। ये वैज्ञानिक साइंस फेयर प्रतियोगिता में भाग लेंगे और 50 हज़ार डॉलर व अन्य पुरस्कार जीतने के लिये अन्य प्रतिभागियों को चुनौती देंगे। गूगल की यह वैश्विक विज्ञान प्रतियोगिता 13 से 18 वर्ष के युवाओं को विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित के माध्यम से समस्याओं का हल खोजने के लिये प्रेरित करती है। भारतीय छात्रों ने स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों से लेकर पर्यावरण हितैषी गोंद और ईंधन के साथ-साथ पानी को पीने लायक बनाने जैसे विचारों के साथ कई क्रिएटिव और बेहतर विचार प्रस्तुत किये हैं। इस प्रतियोगिता के लिये आए आवेदनों का मूल्यांकन रचनात्मकता, वैज्ञानिक योग्यता और प्रस्तुति के प्रभाव के आधार पर किया गया।
- दुबई में रहने वाली 17 साल की भारतीय छात्रा **सिमोन नूराली** का अमेरिका की सात प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटीज़ में चयन हो गया है। इनमें यूनिवर्सिटी ऑफ पेंसिलवेनिया और प्रतिष्ठित आइवी लीग स्कूल समूह में शामिल डार्टमाउथ कॉलेज शामिल हैं। इनके अलावा जॉर्ज वाशिंगटन यूनिवर्सिटी, कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी, जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी, इमोरी यूनिवर्सिटी और जॉर्ज टाउन यूनिवर्सिटी ने भी उन्हें दाखिला देने की पेशकश की है। सिमोन नूराली दुबई के मिरदिफ स्थित अपटाउन स्कूल की हेड गर्ल हैं। उन्होंने भारत में मानव तस्करी के मुद्दे पर **द गर्ल इन द पिंक रूम** नामक किताब भी लिखी है।
- पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिये पृथ्वी दिवस के मौके पर 22 अप्रैल को UAE की एतिहाद एयरवेज़ पहली ऐसी एयरलाइन बन गई, जिसने **एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक** (Single Use Plastic) के बिना उड़ान भरी। एतिहाद की ब्रिसबेन तक की यह उड़ान न केवल फ्लाइट के दौरान प्लास्टिक के उपयोग को 80% तक कम करने के लक्ष्य का हिस्सा थी, बल्कि 2022 के अंत तक पूरे संगठन में यह लक्ष्य हासिल किया जाना है। एतिहाद ने अपने विमानों में 95 से अधिक एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक उत्पादों की पहचान की थी। इसके अलावा एतिहाद ने 1 जून तक अपनी उड़ानों में एकल उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं को 20% तक कम करने के लिये प्रतिबद्धता जताई है। साथ ही इस साल के अंत तक एतिहाद अपनी उड़ानों से 100 टन एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक को हटा देगा।